संख्या0–7/बजट–46–08/2023– 204 (7)

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**शंभु शरण,**भा०प्र०से०
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

पटना, दिनांक–13/08/2025

**विषयः–** **"विकसित बिहार के सात निश्चय–1" अंतर्गत तिरहुत प्रमंडल में नव निर्मित ए0एन0एम0 स्कूल, जी0एन0एम0 स्कूल एवं बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज के पूर्व स्वीकृत योजनान्तर्गत नव निर्मित भवनों के सभी प्रयोगशालाओं में अधिष्ठापित करने हेतु बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से Turnkey Basis पर चिन्हित उपकरणों एवं उपस्करों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में, रु0 13,23,08,800/–(रुपये तेरह करोड़ तेईस लाख आठ हजार आठ सौ) मात्र की लागत पर प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2025–26 में रु० 70,00,000/–(रुपये सत्तर लाख) मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि "विकसित बिहार के सात निश्चय–1" अन्तर्गत राज्य में 54 मुख्यमंत्री निश्चय ए0एन0एम0 स्कूल के निर्माण हेतु, 23 मुख्यमंत्री निश्चय जी0एन0एम0 स्कूल के निर्माण एव 16 मुख्यमंत्री निश्चय बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास के निर्माण के योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमे केवल भवन, फर्निचर आदि कार्य ही शामिल रहने के कारण 6 विविध प्रयोगशालायें (Skills Lab, Community Health Nursing Lab, Nutrition Lab, Anatomy and Physiology Lab, Pre-Clinical Lab & IT Lab) हेतु उपकरण एव उपस्करो को अधिष्ठापित नहीं किया जा सका है।

2–अतएव नव निर्मित भवनो के सभी प्रयोगशालाओ के संचालन हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत Indian Nursing Council के National Health Policy Revised Operational Guidelines–2017 के अनुरूप संस्थान–कोटिवार उपकरणों की सख्या एवं बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना अन्तर्गत गठित तकनीकी विशिष्टता समिति के द्वारा प्राक्कलित दर पर होने वाले व्यय विवरणी प्रमडलवार तैयार की गयी है। निर्माण एजेन्सी (BMSICL) के द्वारा प्रमंडलवार Turnkey Basis पर सभी संस्थानों में उपकरणो की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है। अतएव इसके लिए तिरहुत प्रमडल अन्तर्गत नवनिर्मित संस्थानों हेतु रु० 13,23,08,800/–(रुपये तेरह करोड तेईस लाख आठ हजार आठ सौ) मात्र की मांग की गयी। वित्तीय वर्ष 2022–23 में, रु0 13,23,08,800/–(रुपये तेरह करोड तेईस लाख आठ हजार आठ सौ) मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय राज्यादेश सख्या–561(7), दिनांक–20.03.2023 द्वारा प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2024–25 मे विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–510(7), दिनांक–13.03.2025 के द्वारा रु० 1,00,00,000/–(एक करोड) मात्र की व्यय की स्वीकृति दी गयी थी, जिसकी निकासी तकनीकी कारणवश नहीं की जा सकी।

3–इस योजना हेतु अबतक आवंटित राशि का विवरण निम्नरुपेण है–

| क्र0स0 | वित्तीय वर्ष | राशि (रु0 में) | व्ययादेश सं0 एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023–24 | 80,00,000/– | सं0–20(7), दिनाक–08.05.2023 |
| 2 | 2023–24 | 2,20,00,000/– | स0–480(7), दिनाक–15.02.2024 |
| | कुल– | 3,00,00,000/– | |

4–तद्नुसार "विकसित बिहार के सात निश्चय–1" अंतर्गत तिरहुत प्रमंडल में नव निर्मित ए0एन0एम0 स्कूल, जी0एन0एम0 स्कूल एव बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज के पूर्व स्वीकृत योजनान्तर्गत नव निर्मित भवनो के सभी प्रयोगशालाओं में अधिष्ठापित करने हेतु बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत सरचना निगम लि०, पटना से Turnkey Basis पर चिन्हित उपकरणो एवं उपस्करों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 मे, रु0 13,23,08,800/–(रुपये तेरह करोड तेईस लाख आठ हजार आठ सौ) मात्र की लागत पर प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2025–26 मे रु० 70,00,000/–(रुपये सत्तर लाख) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5–उक्त कार्य बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना द्वारा स्वास्थ्य विभागीय राज्यादेश सं0–561(7) दिनांक–20.03.2023 में निहित्त शर्तों के आधार पर किया जायेगा।

6–यह व्ययादेश/राज्यादेश वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561/वि0(2), दिनांक–17.04.98, 2880/वि0(2), दिनांक–06.05.06, 2938/वि0(2), दिनांक–08.04.08, 3758/वि0, दिनांक–31.05.2017 एव 12888/वि०, दिनाक–03.12.2024 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

7–इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना होंगे तथा नियत्री पदाधिकारी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होंगे।

8– इस राशि के व्यय का वहन मांग संख्या–20, मुख्य शीर्ष–4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय–03–चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान–105– एलोपैथी–0112–ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 स्कूल, विपत्र कोड–20–4210031050112 अन्तर्गत विषय शीर्ष–0112–52 02 मशीने एवं उपस्कर–अन्य ईकाई में उपबंधित से प्राप्त राशि से किया जायेगा।

9– अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना बी0टी0सी0 फॉर्म–46 मे तैयार विपत्र के माध्यम से राशि को नगद नहीं बल्कि खाता अंतरण के माध्यम से बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना को उपलब्ध करायेंगे, जो उक्त राशि को पी0एल0 एकाउन्ट सं0–**PBBPLA007** विपत्र कोड–00-8448001110002-0001 के अन्तर्गत ledger ID-5265 में जमा कर राशि का खर्च विधिवत प्रक्रिया अपनाते हुए करेगे और ससमय उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में तैयार कर प्रशासी विभाग को उपलब्ध कराएँगे।

10–बिहार चिकित्सा सेवाये एवं आधारभूत सरचना निगम, पटना इस राशि का धन ऋण (Plus-Minus Memoranda) ज्ञापन तथा व्यय के सुसगत भाउचर्स/उपयोगिता प्रमाण–पत्र के साथ ससमय कोषागार के माध्यम से महालेखाकार को प्रेषित करना सुनिश्चित करायेगे।

11– प्रस्ताव एवं प्रारूप में अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

12– प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सं0सं0–7/बजट–46–08/2023 के पृष्ठ–32/टि0 पर प्राप्त है।

13–राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी। राशि की निकासी के मामले में महालेखाकार, बिहार, पटना के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

14–यह मात्र व्ययादेश है, आवटनादेश CFMS के माध्यम से निर्गत किया जायेगा।

विश्वासभाजन

(शंभु शरण)

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांकः–7/बजट–46–08/2023 – 204 (7)/स्वा0, पटना, दिनांक–13/08/ 2025

**प्रतिलिपि**–योजना एव विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/प्रमडलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमडल, मुजफ्फरपुर/जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढी, शिवहर एव वैशाली/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/ असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढी, शिवहर एव वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– मा० मत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी–6 एव 7/लेखा शाखा (दो प्रतियों मे), स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–प्रबध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाए एव आधारभूत सरचना निगम लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एव सबधित को ई–मेल करने के निदेश के साथ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव।